तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 10. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

प्रभारी कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमलोगों की समस्याएं 4



## खबर संक्षेप

### मिशन शक्ति : विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क स्टाफ) की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल कर अवलोकन कर सकते हैं।

### स्थायी दिव्यांगता की सहायता राशि पर दावा आपत्ति 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रुपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु दावा आपत्ति 29 फरवरी तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

### मालखरौदा से जैजेपुर तक की सड़क की हालत जर्जर

**जांजगीर-चांपा।** मालखरौदा-जैजैपुर, छोटे सीपत-गोबराभाठा सड़क का निर्माण चार साल बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है। मिशन चौक मालखरौदा से जैजैपुर व छोटे सीपत से गोबराभाठा तक की प्रमुख सड़क खराब हो चुकी है, जिसे सुधारने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस रास्ते पर कई सारे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। इसके कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। सड़क के 30 किलोमीटर का हिस्सा पिछले चार साल बाद भी अधूरा है। अधूरी व खराब सड़क पर उड़ रही धूल से वाहन चालक परेशान हैं। सड़क का निर्माण पूरा नहीं होने से लोग कई साल से परेशान है, वहीं सड़क की मरम्मत पर भी ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों को लोगों की इस समस्या से कोई सरोकार नहीं है। जिसका खामियाजा लोगों व वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

रबी की खेती के लिए 10 जनवरी से मिलेगा नहर में पानी

# छूटेगी हसदेव बांगो की धार गर्मी में लहलहाएगी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में रबी फसल के लिए पानी देने का निर्णय लिया गया है। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार ग्रीष्मकालीन फसल लगाने हसदेव बांगो नहर की धार 10 जनवरी को छूटेगी। इसके बाद किसानों की मांग के अनुरूप लगातार पानी दिया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि बांध में अभी 73 प्रतिशत से अधिक जल भराव है। ऐसे में रबी फसल की खेती के लिए पानी की कोई कमी नहीं होगी।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में 90 प्रतिशत से अधिक सिंचित एरिया है, जहां किसान गर्मी में भी फसल लगाते है। पिछले वर्षो से ग्रीष्मकालीन फसल लगाने हर साल पानी मिलते आया है, लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव होने और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ जिले में ग्रीष्मकालीन फसल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि पूर्ववर्ती सरकार की घोषणा अनुरूप पिछले कुछ सालों से रबी फसल के लिए पानी मिलने को लेकर किसान इस बार भी आश्वस्त रहे। यहीं वजह है कि चना, तिवरा जैसे उतेरा फसल लगाने किसी ने रूचि नही ली। मंगलवार 19 दिसंबर को जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। जहां जिले में रबी फसल के लिए 10 जनवरी से हसदेव बांगो नहर में पानी छोडने का निर्णय लिया गया। बांध में 73 फीसदी जल भराव है, इस हिसाब से जिले में रबी फसल की सिचाई के लिए पानी की कमी नहीं होगी। नहर की धार किसानों की मांग के अनुरूप 30 अप्रैल तक चलेगी।



जिला मुख्यालय में संचालित नहर।

### जलाशय एवं अन्य रकबे को अतिक्रमण से मुक्त कराने हुई चर्चा

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में रबी सिंचाई वर्ष 2024 का कार्यक्रम निर्धारण हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में रबी वर्ष 2024 के सिंचाई कार्यक्रम, रबी वर्ष 2024 लक्ष्य सिंचाई निर्धारण, रबी फसल हेतु आवश्यक खाद, बीज, कीटनाशक आदि जलाशयों में उपलब्धता जल भराव, फसल का लक्ष्य निर्धारण बैठक में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, जल संसाधन विभाग के जलाशय एवं अन्य रकबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने एवं कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कृषि, मार्कफेड एवं बीज निगम के अधिकारियों को खाद, बीज एवं कीटनाशक की आवश्यकता का आंकलन कर आवश्यकता के अनुसार भंडारण करने तथा समय पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल संभाग जांजगीर ने बताया कि हसदेव बांगो जलाशय में कुल जल भराव क्षमता का 73.20 प्रतिशत है। बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2024 हेतु 10 जनवरी 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक कृषकों की मांग के अनुसार पानी प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किसानों के लिए मनरेगा से कार्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, संदीप तिवारी, राजशेखर सिंह, शिव तिवारी और कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, उप संचालक कृषि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# चौथी लाइन कनेक्टिविटी कार्य, आधा दर्जन ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

### बिलासपुर रेल मंडल के भूपदेवपुर स्टेशन में चलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेल मंडल के रार्बटसन एवं भूपदेवपुर के मध्य एसजीपीसीएल केबिन में चौथी लाइन कनेक्टिवटी विस्तार का काम चलाया जाएगा। जिसके चलते आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

ज्ञात हो कि मंडल के अंतर्गत एसजीपीसीएल केबिन में चौथी लाइन कनेक्टीविटी हेतु एनआई कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत राबर्टसन-भूपदेवपुर के मध्य स्थित एसजीपीसीएल केबिन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी रद्द होने वाली गाड़ियों में 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली गाडी संख्या 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 21 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । रास्ते में समाप्त प्रारंभ होने वाली गाड़ी -1) 20 दिसम्बर 2023 से 22 दिसम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसीप्रकार 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी। उल्लेखनीय है अविभाजित जिले से बडी संख्या में लोग रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर समेत अन्य प्रदेशों की ओर लोग बड़ी संख्या में ट्रेनों के माध्यम से आवाजाही करते है। ऐसे में लोकल समेत फास्ट पैंसेजर के रद्द होने अथवा परिचालन प्रभावित होने से रेल यात्रियों को दिक्कतें बढ जाएगी। जिला मुख्यालय जांजगीर समेत चांपा, सक्ती, अकलतरा, बाराद्वार सहित अन्य रेलवे स्टेशनों के माध्यम से लोग ट्रेन में सफर करते है। बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत इन दिनों चौथी रेल लाइन विस्तार का काम भी लगातार किया जा रहा है। जिसके चलते मुंबई हावड़ा मुख्य मार्ग पर ट्रेनों की घंटों आवाजाही प्रभावित हो रहा है। जिससे उन्हें परेशानी हो रही है।



# दो बाइक में भिड़ंत, दो की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तेज रफ्तार दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक चालक समेत दो युवकों की मौत हो गई। वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पहले तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में भर्ती कराया गया वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मैंउभाठा की है । पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 18 दिसंबर रात 8 बजे की है। अकलतरा क्षेत्र के ग्राम खिसोरा निवासी करण कोसले दो अन्य साथियों के साथ बलौदा बाजार जिले के गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम गिरोधपुरी गए हुए थे। इस बीच में देर शाम घर जाने के लिए निकले इस बीच पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मेंऊ भाठा पहुंचे थे, तभी बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुड़गहन निवासी मनोज संडे अपनी पत्नी को लेकर शिवरीनारायण की ओर जा रहे थे। इस बीच दोनों की बाइक की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। बाइक चालक करण एवं दूसरे बाइक का चालक मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर दोनों बाइक में सवार तीन अन्य लोग घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्पश्चात पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची एवं घायल लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां परीक्षण उपरांत मनोज एवं करण को मृत घोषित कर दिया गया।



परिजनों से बयान लेते पुलिस कर्मी।

# मेन रोड पर खड़े 3 वाहनों की बनाई जब्ती, चालकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**

- पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई

मुख्य मार्ग में वाहन खड़ी करना चालकों तब महंगा पड़ गया जब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 वाहनों की जब्ती बना ली। इसके अ ला वा चालकों के खि ला फ कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि जिला पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनों में कमी लाने के लिए तथा यातायात सुरक्षा ब्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेन रोड व आम रोड में लापरवाही पूर्वक वाहन को खड़े कियें जाने पायें जाने पर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 18 दिसंबर को वाहन चालक मनोज पाण्डेय द्वारा ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 3325 को लापरवाही पूर्वक कोरबा रोड बलौदा में खड़ी कर दिया गया था। जिसे आने-आने वाले लोगो को परेशानी हो रही थी, ट्रेलर वाहन को जप्त कर वाहन चालक के विरूद्ध थाना बलौदा में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसी प्रकार थाना मुलमुला क्षेत्र के रोड में वाहन चालको के द्वारा ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 13 एलए एवं हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 11 बीएच 5033 को लापरवाही पूर्वक खड़ी करना पायें जाने से वाहनो को जप्त कर वाहन चालक यशवंत कश्यप के विरूद्ध थाना मुलमुला में तथा वाहन चालक हरिचरण केंवट के विरूद्ध धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है, जिसे विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जावेगा। जिला पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनों में कमी लाने के लिए तथा यातायात सुरक्षा ब्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्रवाई की जा रही है।





वाहनों की जब्ती बनाते पुलिस अधिकारी।

### अज्ञात मृतकों की आज तक नही हो सकी पहचान

**देवरी-सारागांव।** पहला घटना सारागांव थाना अंतर्गत पचोरी मेन रोड धोबी बंधाई के पास सड़क किनारे 13 फरवरी 23 को रात्रि करीबन 10 बजे अज्ञात पुरुष उम्र 35 वर्ष का मृत अवस्था मे शव मिला था मृतक काले रंग का शर्ट और सफेद चॉकलेटी रंग का पेंट पहना हुआ था लेकिन आज तक पहचान नही हो सका । दूसरी घटना सारागांव थाना अंतर्गत 10 अक्टूबर 23 को शाम 5 बजे ग्राम देवरी जाटा के मध्य रेल्वे लाईन के पास मृतक अज्ञात पुरुष का ट्रेन से कटकर मौत गया था । मृतक की पहचान सफेद हाफ टी शर्ट और नेवी कलर का फूल लोवर पहना था , दाहिनी और बायां हाथ मे गुदना से कल्याणी आभाष लिखा हुआ था लेकिन इसका भी आज तक पहचान नही मिल पाया है ।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- अकलतरा की रेलवे कालोनी का मामला

आत्म हत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मा म ला अकलतरा शहर के रेलवे कालोनी का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राकेश कुमार यादव निवासी सिरगिट्टी बिलासपुर द्वारा 9 नवंबर को रेलवे कालोनी अकलतरा में फांसी लगाकर आत्म कर लिया था। जिसकी सूचना पर थाना अकलतरा में धारा 174 जाफौ. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर मृतक का पीएम कराया गया। मर्ग जांच दौरान घटना स्थल से सुसाइडल नोट बरामद किया गया। सुसाइडल नोट के आधार पर मृतक के परिजनो का कथनानुसार, आरोपी पुनी राम उर्फ राम यादव, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मी उर्फ बिट्टू यादव एवं कृष्णा बाई यादव सभी निवासी देवरीखुर्द थाना तोरवा द्वारा मृतक को शादी करने के लिए प्रताड़ित करता था। जिसके द्वारा मना करता था फिर भी आरोपियों द्वारा बार-बार प्रताड़ित करता था जिस कारण से उसने फांसी लगाकर आत्म हत्या करना पायें जाने से आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में धारा 360, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचना दौरान आरोपी पुनी राम उर्फ राम यादव, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मी उर्फ बिट्टू यादव एवं कृष्णा बाई यादव सभी निवासी देवरीखुर्द थाना तोरवा जिला बिलासपुर को घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार कियें जाने से तथा आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से गिरफ्तार कर दिनांक 19 दिसंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक तुलसिंह पट्टावी, उपनिरी. बी.एल. कोसरिया, महिला आरक्षक अंजना लकड़ा, रश्मि भदौरिया, आरक्षक शशीकांत कश्यप, राजेश कश्यप, बृजपाल बर्मन का योगदान रहा।



### बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने किया स्थल निरीक्षण

# पांचवें दिन की अग्निवीर भर्ती परीक्षा में पहुंचे 1124 युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सेना में भर्ती के लिए रैली का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में किया जा रहा है। पांचवे दिन की भर्ती रैली में शामिल होने 1124 युवा पहुंचे। इस बीच बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव भर्ती रैली स्थल का जायजा लिया। साथ ही युवाओं को हौसला आफजाई किया।

ज्ञात हो कि पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर अजय यादव द्वारा रक्षित केंद्र जांजगीर में जारी अग्निवीर भर्ती स्थल का निरीक्षण किया गया। भारतीय सेना के अधिकारियों से चर्चा की गई तथा भर्ती में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मेजर जनरल संजय शर्मा ब्रिगेडियर राणावत एवं कर्नल सेम्युल्टी भी उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव द्वारा भारतीय सेना के अधिकारियों से पूरे भर्ती प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की गई। वहीं बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव भर्ती रैली स्थल का जायजा लिया।



भर्ती रैली स्थल का जायजा लेते आईजी

### 388 युवाओं ने उत्तीर्ण की दौड़ परीक्षा

अग्निवीर भर्ती के पांचवे दिन 19 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के 7 जिलो (दंतेवाड़ा, जशपुर, कबीरधाम, सरगुजा, बीजापुर, कोंडागांव और बालोद) के युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए। मंगलवार को कुल 1355 युवाओं को एडमिट कार्ड जारी किये गये थे। जिसमें 1124 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। जिसमें 388 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल परीक्षण में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए आवास व्यवस्था, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन एवं भर्ती रैली स्थल पर पूछताछ एवं मार्गदर्शन केन्द्र, वाहन व्यवस्था आदि की व्यवस्था की गई है।



अभ्यास करते युवा।

# नाले के पुल में लगे सरिया की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम कटौद के कोकड़ी नाला पुल में लगे लोहे के सरिया चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है मामला नवागढ़ थाना अंतग्रम ग्राम कटौद का है।

इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ के स्थल सहायक व प्रार्थी ईश्वर भेड़पाल उम्र 37 साल ने थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 अक्टूबर को कुछ लोगो के द्वारा कोकड़ी नाला कटौद पूल में लगे लोहे के सरिया को चोरी करने की नियत से काट दिए है। रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 379, 511, 431 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रार्थी गवाहों का कथन लिया गया और प्रकरण में धारा 304, 34 भादवी लोक.स.छ.निवा. अधि. 1984 की धारा 3 जोड़ा गया। विवेचना दौरान आरोपी राजेश कश्यप उम्र 24 साल निवासी कटौद के कब्जे से लोहे काटने का मशीन को जप्त कर आरोपी को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। कटौद निवासी आरोपी त्रिलोक समीर कुमार रात्रे, रवि कुमार भैना को पकड़ा गया। आरोपियों को 19 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# दिसंबर के चंद दिन शेष, शिकायत निपटाने जांच अधिकारियों को लगाना पड़ रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिसंबर का महीना मात्र 15 दिन ही शेष है। ऐसे में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पेंडिंग मामले व शिकायत निपटाने में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर दूरदराज से आने वाले फरियादी एसपी ऑफिस पहुंचकर हेल्प डेस्क पर शिकायत तो कर देते हैं लेकिन शिकायत में शिकायतकर्ता की सारी जानकारियां उपलब्ध नहीं रहती है कभी मोबाइल नंबर नहीं रहता है, ऐसे में जांच अधिकारी को शिकायत के निराकरण के लिए खासी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे दर्जनों मामले लगातार सामने आ रहे हैं जिससे जांच अधिकारियों की लगातार परेशानी बढ़ती ही जा रही है। उल्लेखनीय है कि जब थाना व चौकी में फरियादियों की फरियाद सुनी नहीं जाती है तो अक्सर शिकायतकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचते हैं और पुलिस अधीक्षक या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत करते हैं। जहां वरिष्ठ अवसर फरियादियों की फरियाद सुनकर संबंधित थाना और चौकियों को शिकायत की कॉपी को जांच के लिए भेज देते हैं तो वहीं दूसरी ओर यह भी होता है कि पुलिस के वरिष्ठ अफसर जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नहीं होते हैं तो ऐसे में शिकायतकर्ता अपना आधा अधूरा नाम या मोबाइल नंबर दर्ज भी नहीं कराते हैं और एसपी ऑफिस में बने हेल्प डेस्क में तैनात जवानों को शिकायत कॉपी दे देते हैं पावती लेकर वापस लौट जाते हैं।

अलग खबर

## नाम- पता अधूरा होने की वजह से अक्सर होती है परेशानी

**खास बात**

- थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक पहुंचने वाले आवेदनों में नहीं रहता है मोबाइल नंबर व अन्य जानकारियां




### हेल्प डेस्क वालों को देना होगा ध्यान

प्रतिदिन एसपी ऑफिस में शिकायतकर्ताओं की लंबी फेहरिस्त तैयार होती है। जहां लोग अक्सर पुलिस के वरिष्ठ अफसर को शिकायत करने की बजाय एसपी ऑफिस के आवक जावक शाखा में ही शिकायत की कॉपी जमा कर देते हैं और वापस आ जाते हैं जहां अधूरा पता होता है और उनका मोबाइल नंबर भी नहीं होता है। इसलिए हेल्प डेस्क में तैनात पुलिस के जवानों को ध्यान देने की जरूरत है कि शिकायतकर्ता ने अपना पूरा नाम, पता, सही लिखा है कि नहीं और उसमें मोबाइल नंबर अंकित किया है कि नहीं यदि हेल्प डेस्क में बैठे जवान द्वारा यहां इन बातों को गौर करें तो निश्चित तौर पर जांच अधिकारियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें आसानी से शिकायतकर्ता तक पहुंचने में आसानी होगी।

## खबर संक्षेप

### दो वर्ष से अनुपस्थित एएसआई खन्ना बर्खास्त

**कोरबा।** जिले में पदस्थ एक सहायक उप निरीक्षक को लंबे समय तक अनुपस्थित रहने की वजह से जांच उपरांत आईजी ने उसे हमेशा के लिए सेवामुक्त कर दिया है। बीते वर्षों में आरक्षक से लेकर प्रधान आरक्षक और पदोन्नति प्राप्त होने पर सहायक उप निरीक्षक के पद पर काम करने वाले श्याम सिंह खन्ना अब पुलिस विभाग का हिस्सा नहीं रहे। अलग-अलग कारणों से उनके साथ विवाद बना रहा। जानकारी के मुताबिक 2 वर्ष से भी लंबे समय से श्री खन्ना पुलिस की ड्यूटी करने के लिए उपस्थित नहीं हो रहे थे। लगातार अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों की जानकारी में यह मामला आया और इसकी विभागीय जांच कराई गई। जहां पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कराई और रिपोर्ट आईजी के समक्ष प्रस्तुत किया गया और आईजी ने जांच उपरांत एएसआई श्री खन्ना को सेवा से बर्खाशत कर दिया है। बतया जाता है कि कुछ माह पहले ही एएसआई श्री खन्ना ने कोतवाली में फिर से अपनी आमद दी थी लेकिन आईजी ने उसे लंबे समय से अनुपस्थित रहने की वजह से सेवा से बर्खाशत किया है।

### बंधवाभाठा में होगा श्रीमद्भागवत कथा महापुराण

**बरपाली।** बंधवाभाठा ग्राम में 24 से 31 दिसम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमे कथावाचिका किशोरी छाया दुबे पिसौद वाले के द्वारा संगीतमय भागवतकथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के प्रारम्भ में कलश यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। इस कथा का आयोजन एस एस सी बंधवाभाठा द्वारा किया गया।



### कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** ईतवारी बाजार-चित्रा टाकीज के पास स्थित गार्डन में श्रीहरि परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रातः 10 बजे मेंहदीपुर बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारी-रिकांडो रोड, टीपी नगर चौक होते हुए गार्डन पहुंची और कथा स्थल पर कलश एवं श्रीमद् भागवत ब्यासपीठ की स्थापना कौशल किंकर भूषण कृष्ण शास्त्री द्वारा एवं विद्वान पंडितों के मंत्रोंच्चार के साथ की गई। आज से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। 19 दिसंबर को कथा महात्मय एवं गोकर्णोपाख्यान के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ होगा। शाम 4 बजे से शास्त्री द्वारा ब्याख्यान दिया जाएगा। श्रीहरि परिवार ने समस्तजनों को इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है और आध्यात्मिक लाभ के लिए आग्रह किया है। विशाल हनुमान की झांकी कलश यात्रा के साथ राम भक्त हनुमान की भी झांकी निकाली गई, जिसे कथा स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा आयोजन तक के लिए स्थापित की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रीहनुमंतलाल महाराज द्वारा किया जा रहा है और श्री हनुमंतलाल जी महाराज हनुमान जी के भक्त हैं।

### एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने बिलासपुर संभाग को दी शिकस्त

**कोरबा।** अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता का खिताब जीतकर उत्पादन कंपनी में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने अपना परचम लहराया है। कोरबा-पश्चिम के खिलाड़ी अमन किशोर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बिलासपुर क्षेत्र के राकेश राठौर को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। दोनों ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में दर्री स्थित लाल मैदान में अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कला व क्रीड़ा परिषद के चार दिनी इस स्पर्धा में राज्य बिजली कंपनीज के 8 क्षेत्रों की टीम ने भाग लिया। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने 4-0 से बिलासपुर संभाग को शिकस्त देकर विजेता का खिताब जीता।

## अक्टूबर माह में होती थी गर्म कंबल की सप्लाई, जिले में 184 आश्रम, छात्रावास हैं संचालित

# कड़ाके की सर्दी में ठिठुर रहे आश्रम, छात्रावास के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में इस समय पड़ रही कड़ाके की सर्दी में लोग बिना गर्म कपड़ों को दिन में नहीं रह पा रहे हैं। ऐसे सर्दभरे मौसम में आश्रम छात्रावास के बच्चे को प्रशासन से मिलने वाले गर्म कपड़ों की बांटजोह रहे प्रतिवर्ष ठंडी शुरु होने के पूर्व अक्टूबर माह में इसकी सप्लाई शुरु हो जाती थी किंतु इस वर्ष किसी भी आश्रम छात्रावास में बीते तीन माह के अंदर गर्म कंबल का वितरण नहीं पहुंचा है। पुराने कंबल से ही छात्र काम चला रहे हैं। वहीं घर से भी गर्म कपड़े लाकर सर्दभरी रात काट रहे हैं।

कड़ाके ठंडी में जहां शहरवासी हलाकान है। शाम ढलने के पूर्व ही आलाव जलने शुरु हो जाते हैं। ऐसे समय में जिले के ग्रामीण अंचलों में आदिमजाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आश्रम छात्रावासों में निवासरत छात्रों की रात कैसी गुजर रही होगी यह वहां जाकर देखी जा सकती है। पिछले वर्ष जो कंबल जून माह में उन्हें मिले थे उन्हीं कंबल के सहारे या फिर घर से लाये हुए गर्म कपड़ों के सहारे वह रात काट रहे हैं। लगभग सभी आश्रम छात्रावासों की यही स्थिति बनी हुई है। जहां इस वर्ष कंबल का वितरण हुआ ही नहीं। जबकि बीते वर्ष ही अक्टूबर माह में आश्रम छात्रावासों में कंबल और चादर की सप्लाई हो चुकी थी। जिले के अधिकांश आश्रम छात्रावास विकासखंड मुख्यालय या फिर जहां हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं वहां चल रहे जो वनों से आच्छादित है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है और सर्वाधिक आश्रम छात्रावास भी हैं। विषम स्थिति इसी क्षेत्र में देखी गई है।

कोरबा ब्लॉक के सतरेंगा, अजगरबहार, देवपहरी, लेमरु, श्यांग इसी तरह करतला विकासखंड में भी दूरस्थ क्षेत्रों में भी प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक बालक बालिका 50 व 100 सीटर वाले आश्रम छात्रावास संचालित हैं। जो आदिमजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत आते हैं जिनकी पूरी जिम्मेदारी विभाग ही उठा रहा है। वर्तमान में आश्रम छात्रावासों की जो जानकारी ली गई है वहां से यही जानकारी मिली है कि गर्म कपड़े का कहीं कहीं आभाव नजर आ रहा है। इसकी पुष्टि कुछ अधीक्षकों ने भी की है, उनकी मानें तो अक्टूबर माह में कंबल का वितरण हो जाता था।



फाइल फोटो

### जिले में संचालित आश्रम छात्रावास संख्यावार

| संस्था | बालक | बालिका |
|---|---|---|
| प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास | 76 | 16 |
| प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास | 06 | 10 |
| पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास | 07 | 06 |
| पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास | 01 | 01 |
| प्री मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावास | 00 | 01 |
| अनुसूचित जनजाति आश्रम (प्रा. स्तर) | 26 | 17 |
| अनुसूचित जनजाति आश्रम (मा. स्तर) | 06 | 10 |
| योग | 122 | 61 |

### खादी ग्रामोद्योग से सप्लाई

विभागीय योजनाओं के तहत आदिमजाति कल्याण विभाग के आश्रम छात्रावासों में गर्म कपड़ों की सप्लाई खादी ग्रामोद्योग के द्वारा की जाती है। इसके लिए आदिमजाति कल्याण विभाग के द्वारा आर्डर दिया जाता है। वह आर्डर इस वर्ष विभाग के द्वारा चुनावी कार्यों में व्यस्त रहने के कारण दिया ही नहीं गया। यही कारण है कि गर्म कपड़ों की सप्लाई जिसमें कंबल प्रमुख रुप से शामिल है नहीं हुई और अब चूंकि कड़ाके की ठंड पड़ रही है जब तक आर्डर देंगे और कब सप्लाई होगी यह भी अधर में लटका हुआ है।

### नहीं हुई रायपुर से सप्लाई

रायपुर से जो कंबल की सप्लाई होती थी वह इस वर्ष नहीं हुई है लेकिन स्थानीय स्तर पर जहां से डिमांड आई वहां कंबल भेजा गया है। इसके अलावा पुराने कंबलों को सफाई कर दोबारा उपयोग करने के निर्देश पहले ही दे दिया गया है। कुछ छात्रावासों में स्वेटर भी दिया गया है।

-श्रीकांत कसेर,
सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग कोरबा

# निर्मोही मां का नहीं चल सका पता इलाज के दौरान मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पिछले दिनों एक निर्मोही मां अपने 7 माह के नवजात बच्चे को मातृछाया में छोड़कर चली गई थी। जहां पिछले 7 दिनों से नवजात बच्चे का इलाज चल रहा था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

ज्ञात रहे कि 7 दिनों पूर्व समय से पहले जन्मे 7 माह के बच्चे को एक निर्मोही मां ने इस कडक़ड़ाती ठंड में जब बच्चे को मातृछाया में लावारिस हालत में छोड़कर चली गई थी। जब मातृछाया प्रबंधन को इसकी भनक लगी तो उन्होंने तत्काल नवजात की देखभाल शुरु की और उसके बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मासूम बच्चे को किसने छोड़ा है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि किस निर्मोही मां ने बच्चे को मौत के मुंह में धकेला है। उस वक्त मासूम को बिना कपड़ों के छोड़ जाना न सिर्फ निर्दयता को प्रदर्शित किया बल्कि नवजात बालिका शिशु के प्रति उसके लगाव नहीं होना भी दर्शित हुआ। बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए भले ही सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है और लाभ देने की बात होती है लेकिन अभी भी कुछ ऐसे लोग है जो बालिका के जन्म होने पर उसे उसके हाल पर छोड़ देते हैं।

## मिली दो लाख जीवन ज्योति बीमा की राशि

**हरदीबाजार।** पुरानी बस्ती निवासी परशुराम कैवर्त के पुत्र दीपक कैवर्त का 18 वर्ष के आयु में आकस्मिक मृत्यु 17 सितंबर को हो गया था, जिसका खाता छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में प्रधान मंत्री जन धन खाता बैंक मित्र सूरज जायसवाल के द्वारा खोला गया था और बीमा किया गया था। नॉमिनी के तौर पर बहन पूनम कैवर्त थी जो की शासन के योजना के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा से दो लाख रूपए की अनुदान राशि बैंक मित्र सूरज जायसवाल एवं ब्रांच मैनेजर अमित कुमार, बैंक मित्र श्रीमती संध्या राठौर के सहयोग से किया गया, ऐसे तो शासन की योजनाओं के तहत अनेकों प्रकार की गरीबो के लिए सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बैंक मित्र सूरज जायसवाल ने आम जनताओ से अनुरोध किया है कि अपनी नजदीकी बैंक में जाकर शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए जन धन योजना के तहत अपना खाता खुलवाए।

# केंदई में हाथियों का उत्पात जारी अरहर की फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत केंदई रेंज के कापानवापारा व बेलबंधा पहाड़ में 34 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। हाथियों के इस झुण्ड ने आमाटिकरा गांव में उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के अरहर फसल को रौंद दिया, जिससे उन्हें हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। आमाटिकरा में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 32 हाथियों का झुण्डा बेलबंधा पहाड़ में है जबकि दो हाथी कापानवापारा जंगल में घूम रहे हैं। इन्हीं हाथियों ने आमाटिकरा पहुंचकर खेतों में उत्पात मचाया है। बड़ी संख्या में क्षेत्र में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी करने के साथ ही कापानवापारा व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की आमद हुई है और जंगल में लगातार विचरण कर रहे हैं।

## नशें में धुत कार चालक ने तीन कार दो स्कूटी को मारी टक्कर, हंगामा

**कोरबा।** नशे में धुत्त एक कार चालक ने जमनीपाली के एनटीपीसी गेट से पहले एक नहीं दो नहीं बल्कि दो स्कूटी को अपनी जद में ले लिया। घटना का सुखद पहलू रहा कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई लेकिन इस हादसे में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने कार चालक जयशंकर गुप्ता के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कोरबा-दर्री मुख्य मार्ग पर जमनीपाली में यह दुर्घटना सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे घटित हुई। फोरलेन रास्ते पर भवानी बाजार के सामने स्वीफ्ट कार क्रमांक यूपी 16 एक्यू 9247 के चालक जयशंकर गुप्ता ने बारी-बारी से 5 गाडिय़ों को अपनी चपेट में लिया। उत्तरप्रदेश के नोएडा जिले में पंजीकृत उक्त कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए तीन कार और दो स्कूटी को टक्कर मारी। इस घटना में स्कूटी सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। सुबह हुए हादसे के दौरान रास्ते पर आवाजाही सामान्य रूप से थी। घटना के बाद दुर्घटना में घायल स्कूटी सवार को अस्पताल भेजा गया। संयोग यह रहा कि चार अन्य गाडिय़ां जो स्वीफ्ट की चपेट में आई, उससे संबंधित लोगों को कोई खास चोट नहीं आई। दर्री थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन को मौके से हटवाने की कार्रवाई की गई है जो इस दौरान पेड़ से जा टकराई थी।

# खदान से डीजल की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल खदान में पदस्थ सुरक्षा प्रभारी धना राम सूर्यवंशी 52 वर्ष पिता स्व दाउ राम सूर्यवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गेवरा खदान के बीटू कोल स्टाक में खडी पीसी क्रमांक 178 से दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 35-35 लीटर वाली प्लास्टिक के जरिकेनो में डीजल चोरी कर भर कर बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीडी 2071 में भरते समय सीआईएसएफ क्युआरटी टीम को देख कर भागते समय बोलेरो वाहन कोयले के ढेर से टकराकर क्षतिग्रस्त होने से दोनों चोर बोलेरो वाहन को गेवरा खदान में छोड़कर भाग गये। धनाराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

# कटघोरा पुलिस ने एनएसएस कैम्प में छात्राओं को बताई अभिव्यक्ति एप की खासियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


स्कूली छात्रों को जानकारी देते पुलिस।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। जिसे लेकर कटघोरा पुलिस ने सोमवार को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा के राष्ट्रीय सेवा इकाई एनएसएस कैम्प विजयपुर में छात्र छात्राओं को इस एप की खासियत को बताई। कटघोरा थाना प्रभारी तेजकुमार यादव ने बताया कि इस एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। यानी अब महिलाओं को थाने जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा महिलाएं अब अपनी सुरक्षा को लेकर सुझाव भी पुलिस विभाग तक पहुंचा सकेंगी। उन्हें बताया गया कि प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप डाउनलोड करना है। इसमें उन्हें साइन इन करना है। अपना मोबाईल नंबर डालना है। इसके बाद ओटीपी आएगा उसे एप में डालना है। केवायसी अपडेट करना है। इसमें बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, अपहरण, मानव तस्करी, एसिड अटैक, अवयस्क के साथ लैंगिक उत्पीड़न, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, साइबर अपराध व अन्य शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर के भारद्वाज के साथ लगभग 20 बालिकाएं व 35 बालक उपस्थित थे। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। इस अवसर पर कटघोरा थाना प्रभारी तेजकुमार यादव, आरक्षक महेंद्र चंद्रा, महिला आरक्षक रामेश्वरी कंवर उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त सामाज शिविर का समापन 21 को

**कोरबा।** नोडल शाला स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष संकुल भांवर में थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा के तहत 15 से 21 दिसंबर तक नोडल प्राचार्य एवं संरक्षक मनोज कुमार टंडन के संरक्षण में आयोजित की गई है। शिविर के मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकला कंवर जिला पंचायत अध्यक्ष व अध्यक्षता सरपंच रामशरण सिंह कंवर ग्राम पंचायत भांवर उपस्थित थे।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी) प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता है।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी) • मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट • दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# ‘सालार’ के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

**नई दिल्ली।** इस साल की मचअवेटेड फिल्म ‘सालार’ का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

लाइफ Style



# जया ‘कड़क सिंह’ में करेगी डेब्यू

एजेंसी ⏭ मुंबई

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है ‘हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है’। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म ‘फरेश्ता’ और उनकी पहली हिंदी फिल्म ‘कड़क सिंह’ शामिल हैं।

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म “कड़क सिंह” से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है ‘हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है’। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म ‘फरेश्ता’ और उनकी पहली हिंदी फिल्म ‘कड़क सिंह’ शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।




# ‘रिबेल मून’ बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिल्स।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।



# तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं ‘एनिमल’ की ‘भाभी नंबर 2’ रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।



# बांग्ला ‘काबुलीवाला’ में आएंगे नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

## टीवी मसाला



# दूल्हा बने ‘जेठालाल’ के ‘टप्पू’ दयाबेन भी आईं नजर...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आई। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

### फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

### अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

### बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

# 41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी ‘मिशन सिलक्यारा’ की शूटिंग

**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर ‘मिशन सिलक्यारा’ नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।



### निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में ‘मिशन रानीगंज’ फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

# इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

## शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

# ‘डंकी’ और ‘सालार’ में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में ‘एनिमल’ और ‘सैम बहादुर’ का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल ‘डंकी’ और ‘सालार’ एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।*

### कब रिलीज होंगी ‘डंकी’ और ‘सालार’

जहां शाहरुख कल रात ‘डंकी’ को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं ‘सालार’ के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।



### ‘डंकी’ और ‘सालार’ में कौन चल रहा आगे

‘डंकी’ और ‘सालार’ का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें ‘डंकी’ बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

### किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक

*बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।*

### दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि ‘डंकी’ का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की ‘सालार’ का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### नाली निर्माण अधूरा होने से हरपल बना रहता है दुर्घटना की आशंका



**जांजगीर-चांपा।** श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने नाली निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। बताया जाता है कि विधान सभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगा जाने से ठेकेदार को नगरपालिका के द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, ऐसे में उसने निर्माण कार्य को रोक दिया है। खुला नाली होने से दुर्घटना की हर पल संभावना बनी हुई है। ठीक हनुमान मंदिर के मेन दरवाजे के सामने नाली निर्माण का कार्य अधुरा छोड़ दिया गया है। विगत 3 माह से निर्माण कार्य रुका हुआ है। आए दिन मवेशी इसमें गिर कर घायल हो रहे हैं। लाइट बंद होने से कई भक्तजन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इसके बारे में नगरपालिका एवं कलेक्टर को भी शिकायत किया जा चुका है। ठेकेदार द्वारा भुगतान नहीं होने की बात कही जा रही है। लोगों ने मांग की है कि कोई गंभीर दुर्घटना न हो प्रशासन शीघ्र ही नाली निर्माण का कार्य पूरा कराने पहल करें।

### ब्रिलियंट स्कूल के बच्चों ने किया ऊर्जा पार्क का शैक्षणिक भ्रमण



**जांजगीर-चांपा।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर द्वारा 18 दिसंबर को कक्षा- तीसरी से बारहवीं तक के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमीन स्टाफ एवं ग्राउड लेवल स्टाफ के साथ बिलासपुर ऊर्जा पार्क में शैक्षणिक भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्रार्थना प्रांगण में बाबा गुरू घासीदास के जीवनी एवं समाजिक कार्यो को बताते हुए संस्था की शिक्षिका श्रीमती हन्ना देवी द्वारा बताया गया की बाबा गुरु घासीदास ने जीवन पर्यन्त सम्पूर्ण समाज को सत्य एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज में निहित छूआ-छूत, जाति प्रथा, एवं आडंबरों का विरोध किया तथा समाज को एकता एवं समरसता के साथ रहने का संदेश दिया, साथ ही उन्होंने बताया कि महान संत एवं समाज सुधारक बाबा गुरू घासीदास जी का जीवन छत्तीसगढ़ की धरती के लिए ही नहीं अपितु समूची मानव जाति के लिए कल्याण का प्रेरक संदेश देता है। तत्पश्चात समस्त विद्यार्थियों को शिक्षकों की देख-रेख में बिलासपुर ऊर्जा पार्क ले जाया गया। ऊर्जा पार्क पहुंचते ही विद्यार्थियों को स्वल्पाहार कराने के पश्चात पार्क भ्रमण कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से एग्जिबिशन सेंटर में साइंस प्रोजेक्ट एवं फीश एक्वेरियम दिखाया गया। एग्जिबिशन सेंटर के साइंस प्रोजेक्ट में पवन चक्की परियोजना, सौर ऊर्जा परियोजना, गोबर गैस परियोजना, भूतापिय परियोजना इत्यादि को देखकर बच्चों ने ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त की। फीश एक्वेरियम को देखकर बच्चें उत्साह एवं उमंग से भर गए। दोपहर में बच्चें पार्क में भिन्न-भिन्न प्रकार के फलदार पेड़-पौधे एवं फूलों को देखकर उमंग के साथ खेलते हुए अपना दिन व्यतित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के डायरेक्टर आलोक अग्रवाल, प्राचार्य श्रीमती सोनाली सिंह, विष्णु धानुका, श्रीमती बबीता धनुका, श्रीमती प्रणिता अग्रवाल, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ एवं ग्रुप डी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है।

नगर पंचायत ने दो दिन पूर्व कराई थी मुनादी, गुमास्ता एक्ट का पालन नहीं

# टेम्पल सिटी में साप्ताहिक बंद का नहीं दिखा असर, खुली रही दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



सप्ताहिक बंद के दिन भी खुली दुकानें।

काम करने वाले कामगारों एवं मजदूरों के को सप्ताह में एक दिन अवकाश देने के उद्देश्य से नगर में प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक बंद का निर्णय लिया गया है। वहीं दो दिन पूर्व नगर पंचायत द्वारा इसके लिए बकायदा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से मुनादी कराकर मंगलवार को दुकानें बंद रखने आदेश जारी किया गया। मंगलवार को कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी बंद रखी, लेकिन अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें सुबह से ही खोल दिया।ऐसे में जिन्होंने अपनी दुकानें बंद रखी थी उन्होंने ने भी अपने प्रतिष्ठान खोल दिए।

जिले का शिवरीनारायण प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है। यहां बड़े बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठाने होने के साथ ही साथ कुछ लघु उघोग और फैक्टरियां भी संचालित है। शासन ने व्यावसायिक स्थलों पर काम करने वाले कामगारों एवं मजदूरों के हित एवं उन्हे सप्ताह में एक दिन अवकाश देने के उद्देश्य से शिवरीनारायण में गुमाश्ता एक्ट लागू किया गया है, जिसके तहत सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार दुकाने बंद रखना है। इस हेतु शिवरीनारायण नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी संध्या वर्मा ने 16 दिसम्बर को ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से नगर में सूचना प्रसारित कर गुमाश्ता एक्ट के तहत सप्ताह के प्रत्येक



मंगलवार को दुकानें बंद रखने व्यापारियों को सूचना दी थी। इस सूचना के चलते मंगलवार के दिन कुछ दुकानदार अपनी दुकान बंद रख कर गुमाश्ता एक्ट का समर्थन किया और कई दुकानदार (बड़े व्यापारी) मुख्य नगरपालिका अधिकारी के आदेश का अव्हेलना करते हुए सुबह से ही दुकान खोल दिया। लोगों को ऐसी उम्मीद थी कि जो व्यापारी गुमाश्ता एक्ट का पालन नही करेगा उसके विरुद्ध प्रशासन कार्यवाही करेगी, लेकिन जब प्रशासन द्वारा गुमाश्ता एक्ट का विरोध कर दुकान खोलने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किया गया तब जो व्यापारी अपनी दुकानें गुमाश्ता एक्ट के समर्थन में बंद रखे थे वे भी अपनी अपनी दुकानें खोल लिये। प्रशासन की उदासीन रवैया के कारण शिवरीनारायण में गुमाश्ता एक्ट का पालन नहीं हो रहा है। नगर में सप्ताहिक बंद का दबे स्वर विरोध हो रहा है। इस मंगलवार को नगर के कुछ बड़े कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स सायकल, बर्तन, छड़, सीमेंट हॉटल आदि के दुकान संचालक अपनी दुकाने खुली रखकर नगर में लागू गुमाश्ता एक्ट का विरोध किया है और प्रशासन कार्रवाई को लेकर उदासीन है।

### धान खरीदी की करें नियमित मॉनिटरिंग

**जांजगीर-चांपा।** कलेटोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र शासन की प्रमुख योजनाओं, गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। इसके लिए केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं स्वच्छ भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जाना है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से कार्य किया जाएगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने एवं साप्ताहिक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्या सुनती प्रभारी कलेक्टर।

## प्रभारी कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमलोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर कार्यालय में प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए है।

जनदर्शन में मंगलवार 19 दिसंबर को जैजैपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम दतौद निवासी मनमोहन श्रीवास ने ट्राई साइकल स्वीकृत कराने के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे, जिस पर प्रभारी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही पात्रतानुसार त्वरित करवाई करने के निर्देश दिये। बाराद्वार तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम लवसरा निवासी शिवनंदन चौहान ने किसान सम्मान निधि दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, जिस पर प्रभारी कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन के माध्यम से इस विषय में शीघ्र ही नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार मालखरौदा तहसील के ग्राम बडेसीपत निवासी श्रीमती कौशिल्या बाई साहू ने दिव्यांग पेंशन दिलवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। इसके अलावा अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आर्थिक सहायता, आवास, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, राशन कार्ड, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे, जिस पर प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### किसानों को किया गया उन्नत किस्म का चूजा व दाना वितरण



**बहेराडीह।** बलौदा ब्लॉक अंतर्गत जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह के किसानों को पशुधन विकास विभाग द्वारा उन्नत किस्म का चूजा वितरण किया गया। कोसमंदा मुख्यालय के क्षेत्रीय पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ जी डी महिलांगे ने बताया कि शासन के योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के किसानों को उन्नत किस्म का चूजा और दाना वितरण किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में गांव के किसान फूलबाई गोड़ समेत रम्भा गोड़, मीना चौहान, लक्ष्मीन चौहान, लखन यादव, दीनदयाल यादव, मुरीत राम यादव को चूजा वितरण किया किया। इसी तरह जाटा गांव के फूलबाई मिरी, राजकुमारी पाटले, अमझर के गिरवर पटेल व सिवनी के किसानों को उन्नत किस्म का चूजा और दाना वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, चन्दा सरवन कश्यप, मुरीत राम यादव, जितेन्द्र कुमार यादव, राजाराम यादव, पुष्पा यादव, ललिता यादव, कृषक संगवारी दीनदयाल यादव, अविनाश मांझी, गिरवर, सौम्य पाण्डेय, मनाराम यादव समेत अन्य ग्रामीण विशेष रूप से उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

सतगुरु सेवा समिति पामगढ़ के तत्वाधान में संत शिरोमणि बाबा गूरू घासीदास की जयंती 18 दिसंबर को धूमधाम से मनाया गया। जैतखाम ध्वजारोहण समिति के संरक्षक रविशेखर भारद्वाज मुख्य अतिथि एवं समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सतगुरु सेवा समिति अध्यक्ष शिव दयाल खरे, कोषाध्यक्ष देवचरण खाण्डे, सचिव भगेला राम बंजारे , कमला प्रसाद खूंटे संयोजक सतनामी सूर्यवंशी समाज एवं सदस्य गण चैतराम देव खटकर, भोलाराम भास्कर, कनक राम जोशी, हीरा प्रसाद खरे,जनक राम भारद्वाज, तुकाराम खाण्डे, महंत मुन्ना राम जांगड़े पामगढ़ उपस्थित थे।

### बाबा गुरुघासीदास ने लोगों का मनोबल बढ़ाने किया काम

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासी दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाजे गाजे की धुन में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमे समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सतनामी समाज के ग्राम अध्यक्ष वीरेंद्र बंजारे ने कहा कि किसी भी व्यक्ति से जाति,धर्म लिंग एवं रंग के आधार पर भेद भाव ना रखना ही गुरु घासी दास जी के प्रति सच्ची कृत्यगता है। भूवाल बंजारे ने कहा कि गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक सामाजिक धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पित है। आधुनिक युग में घासीदास एक सशक्त क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक गुरु थे। बाबा गुरुघासीदास ने लगभग ढाई सौ बरस पहले समाज को दबे कुचले वर्ग का मनोबल बढ़ाने और उसके आत्मसम्मान को जागृत करने और उसमें साहस भरने एवं एकत्रित रहने का परिचय दिया। सतनामी समाज के लोगों द्वारा गांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें शोभा यात्रा जैत खाम से प्रारंभ होकर गांव की भ्रमण किया। सर्व सतनामी समाज के लोग भी शोभा यात्रा में शामिल हुए।



### बाजे-गाजे के साथ निकली शोभा यात्रा

**पोता।** संत शिरोमणी गुरु घासीदास की जयंती 18 दिसंबर को उत्साह पूर्वक मनाया गया। बाजे गाजे कि धुन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मालखरौदा तहसील क्षेत्र में सतनामी समाज के द्वारा बाइक रैली निकाला गया। जगह-जगह गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान रैली को गांव गांव में स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने जीवन पर्यन्त सम्पूर्ण समाज को सत्य एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने समाज में निहित छूआ-छूत, जाति प्रथा, एवं आडंबरों का विरोध किया तथा समाज को एकता एवं समरसता के साथ रहने का संदेश दिया। बाबा गुरू घासीदास जी का जीवन छत्तीसगढ़ की धरती के लिए ही नहीं अपितु समूची मानव जाति के लिए कल्याण का प्रेरक संदेश देता है। जिसमें सतनामी समाज के लोग अधिक संख्या में मौजूद रहे। वहीं जगह-जगह में खीर पुड़ी बांटा गया।

## पहली बार छह सीटों पर कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक जीत :डॉ. महंत

**देवरी-सारागांव।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत हासिल कर व कांग्रेस पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर डॉ. चरण दास महंत के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

- नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद नगर आगमन पर डॉ. महंत का स्वागत

महंत समर्थकों द्वारा आतिशबाजी कर नगर के बस स्टैंड से बैंड बाजे के साथ जुलूस यात्रा निकाल कर जगह-जगह पुष्प गुच्छ फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नगर के बाजार चौक में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में महंत समर्थको सहित नगरवासियो की भीड़ रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ महंत ने कहा कि सक्ती विधानसभा से जो जीत हुई है वहा आप सबकी जीत है यहां जीत आप लोगो की है। आगे उन्होंने कहा कि सक्ती जांजगीर जिले के सभी 6 सीटों पर कांग्रेस की जीत हुई है, जो ऐतिहासिक है। ऐसा पहली बार हुआ है कि कांग्रेस को जिले में पूरे 6 सीटो पर जीत मिली है। वहीं राज्य में हमारी सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण वादे किए गए थे। वही इस बार तो हमारी सरकार नही बन पाई मगर लोकसभा में हम सब को इस बार बखूबी मेहनत कर कांग्रेस की सरकार लानी है।



डॉ. महंत का स्वागत करते कार्यकर्ता।

वहीं उन्होंने ने कहा कि यह पांच साल भी जल्द गुजर जाएगी अगले विधानसभा के लिए आप सभी को तैयार रहना फिर से राज्य में कांग्रेस सरकार लाने की बात कही। कार्यक्रम में मंच संचालन पार्षद साहस राम कर्ष एवं रविशंकर पांडेय ने किया। इस दौरान डॉ काशी प्रसाद राठौर, नप अध्यक्ष रामकिशन शुर्यवँशी उपाध्याय दिलेश्वर राठौर, विजय सोनू राठौर, हरीश राठौर,ठा,दिनेश सिंह राठौर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवम नगरवासी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय कराटे ग्रेडिंग परीक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर

**सक्ती।** आशियारा कराटे इंटरनेशनल सक्ती द्वारा 16 - 18 दिसम्बर को तीन दिवसीय कराटे ग्रेडिंग परीक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पोरथा में किया गया।

इस अवसर पर आशियारा कराटे इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षु को शाखा प्रमुख एवं मुख्य प्रशिक्षक स्नेहाशीष डे के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं ग्रेडिंग परीक्षा लिया गया। इस अवसर पर कुन्तला यादव एवं शत्रुघन सिदार को ब्लैक बेल्ट से सेकण्ड डॉन ब्लैक बेल्ट, द्वापर सिंह एवं त्रिलोक धीरहे ब्राउन बेल्ट से ब्लैक बेल्ट की ग्रेडिंग परीक्षा दिया गया, प्रशिक्षण शिविर में 50 प्रशिक्षु को प्रशिक्षण दिया गया व ग्रेडिंग परीक्षा लिया गया। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में शाखा प्रमुख एवं परीक्षक स्नेहाशिष डे के सहायक श्रीमती पुतुल डे, शमनी कुमार यादव, एम. विकास देवांगन, राजेश कुमार यादव, श्रीमती कुसुम यादव सेकण्ड डॉन ब्लैक, रविन्द्र यादव ब्लैक बेल्ट, धनेश गोंड, मुकेश कुमार निषाद, राजेन्द्र कुमार, सुभाष यादव एवं बलराम किशन चौहान (ब्लैक बेल्ट) का विशेष योगदान रहा ।



उपस्थित कराते खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक।



विधानसभा भवन में शपथ लेने पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक एवं साथ में कांग्रेसी।

# विधायक कश्यप ने ली शपथ

**जांजगीर।** विधान सभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा के नव निर्वाचित विधायक ब्यास कश्यप ने मंगलवार 19 दिसंबर को आयोजित छठवीं विधान सभा के पहले दिन विधान सभा सदस्य विधायक के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ लेने के बाद उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से भेंट की। जांजगीर से विधान सभा की कार्रवाई देखने पहुंचे कांग्रेस नेताओं के साथ उन्होंने मुलाकात की। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, संतोष शर्मा, विवेक सिंह सिसोदिया, शिशिर द्विवेदी, रफीक खान, चिंताराम कश्यप, गोविंद कश्यप आदि उपस्थित थे ।





